जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-22 जयपुर, सोमवार, 12 जून, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4


## आकाश कान्वेंट स्कूल में बोर्ड परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह

**चौमूं (हमारा वतन)।** शहर के सामोद रोड स्थित आकाश कॉन्वेंट स्कूल ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा कक्षा 5,8,10,12 वर्ष 2023 में सराहनीय परिणाम दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति गोविंदगढ़ सीबीईओ राम सिंह मीना, निदेशक मामराज चौधरी, प्रिंसिपल संगीता कुमारी और सह निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया कि संस्था का प्रत्येक विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित होना चाहिए। अतः परिणाम आने की तारीख के साथ ही विद्यार्थियों के घर जाकर सम्मानित किया और स्कूल में भी सभी परीक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। सीबीईओ मीणा ने कहा कि आकाश स्कूल द्वारा दिया गया परिणाम सराहनीय है ,जिसके लिए संस्था प्रधान मामराज चौधरी द्वारा संस्था में अध्ययन, अध्यापन, खेल प्रतियोगिता, अनुशासन इन सभी कार्यों पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही वर्तमान समय के विद्यार्थियों को हिदायत देते हुए कहा कि



मोबाइल फोन से दूर रहे, यातायात के नियमों का पालन किया जाए, माता पिता अपने बालकों के सपने पूरे करने के लिए उन पर किसी प्रकार का दबाव न बनाएं। वरिष्ठ अध्यापक सुधांशु जांगिड़, चन्द्र शेखर शर्मा, राहुल जांगिड़, अशोक कुमावत, राजेन्द्र जाट, सीतू, दीपक मीणा, ऐश्वर्या शर्मा, जितेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, विपिन शर्मा, जगदीश यादव, हरिनारायण जाट, पंकज मिश्रा, धारा सिंह जाट, सीमा सैनी, अर्चना सांवरिया, हेमलता सोनी, निशा सैनी, मधुबाला जांगिड़, प्रियंका जांगिड़, पूजा शर्मा, वंदना शर्मा, अनीता शर्मा, संगीता माहेश्वरी, शकुंतला सैनी, विद्या पारीक, संतोष मीणा, निशा, विमल चौधरी का उत्कृष्ट परिणाम देने पर सम्मान किया गया ।

स्कूल ने हर वर्ष परीक्षा परिणाम में सुधार करते हुए इस बार भी चौमूं परिक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। 12वीं कला संकाय में चाहत अग्रवाल पुत्री सुरेश कुमार मित्तल ने 95%, सेजल सैनी पुत्री कैलाश चंद सैनी ने 91%, विजेता मीणा पुत्री बनवारी लाल मीणा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

कक्षा दस में राशिका सैनी पुत्री जितेंद्र कुमार सैनी व रोबिन यादव पुत्र गोपाल लाल यादव ने 97 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अलीशा मंसूरी पुत्री मोइनुद्दीन खान ने 94 प्रतिशत से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इशिका शर्मा पुत्री सुनील कुमार शर्मा ने 93 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसके साथ ही प्रणव सैनी पुत्र विशन सैनी ने 91 प्रतिशत, भावेश शर्मा पुत्र अंजनी कुमार शर्मा ने 91 प्रतिशत, मुस्कान जाट पुत्री मालीराम जाट ने 91 प्रतिशत, किरण चौधरी पुत्री रामनारायण जाट ने 91 प्रतिशत, मोहित चौधरी पुत्र महावीर प्रसाद चौधरी ने 91 प्रतिशत, अंजली चौधरी पुत्री महेंद्र सिंह चौधरी ने 90 प्रतिशत, सौम्य सैनी पुत्र मुकेश कुमार सैनी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अभिषेक यादव, अक्षरा बागड़ी, हेमंत जांगिड़, तनुश्री मीणा, एलिस सैनी, आर्यन सैनी, निशा यादव, दिव्या मीणा, इशिका सैनी, नेहा सेपट आर्यन सैनी, युवराज सिंह नाथावत, गौरव सैनी, नमिता घोसलया, रानू शर्मा, आदित्य कुमावत इन सभी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

कक्षा 8 में प्रतीक्षा शर्मा पुत्री भारत मोहन, नीरज सैनी पुत्र वीरेंद्र कुमार सैनी, भव्या यादव पुत्र राजकुमार, रोहित कुमार चौधरी पुत्र माली राम जाट , मोहित सैनी पुत्र राजेश कुमार सैनी, नमन चौधरी पुत्र राजीव चौधरी ने A ग्रेड प्राप्त किया।

कक्षा पाँचवी में तरूणा सैनी, वैभव दादर वाल, अभिनव घोसला, आदित्य यादव, जानवी लखेरा, जतिन जांगिड़, खुशबू मीणा, मोहम्मद सारिक, साक्षी यादव, सीरत ताकर, शिवम बी मानावत, शिवम चौधरी, तनिष्का राज चौधरी, आर्यन मीणा, आर्यन सैनी, दक्ष खटारिया, धीरज शर्मा, लक्ष्य सैनी, मन्नत सैनी, मोहित चौधरी, मोहित तँवर, निकिता यादव, निशांत कुमार सैनी, परी सोनी, वंशिका पबरी, विक्रम सिंह ओड, युवराज चौधरी और शगुन सैनी ने Aग्रेड प्राप्त किया।

## मंत्रालयिक कर्मचारी करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव, आमरण अनशन भी जारी

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के तत्त्वावधान में मंत्रालयिक कर्मचारियों का महापड़ाव जारी है । प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने कहा कि आमरण अनशन पर बैठे 15 अनशनकारियों में से अभी तक 10 अनशनकारी अनशन पर रहते हुए अस्पताल में भर्ती कराये जा चुके हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है जिसे सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में भर्ती कराया हुआ है । सरकार के पास दो दिन का समय है, यदि दो दिन में मांगो के आदेश जारी नहीं किये गये तो सोमवार को प्रदेशभर के मंत्रालयिक कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे,जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। प्रदेश महामंत्री विरेंद्र दाधीच ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर कई दौरो की वार्ता कर चुकी है उसके बाद भी आज तक मांगो पर निर्णय नहीं लिया गया जिससे



पूरे प्रदेभर के 70,000 मंत्रालयिक कर्मचारियों में रोष व्याप्त है । कोटा के जिलाध्यक्ष रामजीलाल मीणा व महामंत्री विवेक गौड़ ने कहा कि सरकार कमेटियों के जरिये आंदोलनों को खत्म करना चाहती है जबकि इससे पहले खेमराज कमेटी की रिपोर्ट पेश होने के बाद भी 6 माह पूरे हो गये लेकिन अभी तक भी रिपोर्ट लागू नहीं हुई । दूसरी ओर राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्या प्रियंका गाँधी द्वारा हाल ही में जंतर मंतर पर पहलवानों को संबोधित करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम कमेटियों में विश्वास नहीं करते हैं, उसके पश्चात राजस्थान की कांग्रेस सरकार आंदोलनों को समाप्त करने के लिए कमेटियों का सहारा ले रही है जिसकी महासंघ भर्त्सना करता है। इस दौरान राजस्व विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अमित जैमन, पंचायती राज्य के कमलेश शर्मा, पंजीयन मुद्रांक रजिस्ट्रेशन के प्रदेश अध्यक्ष भीखाराम चौधरीं, कोषाध्यक्ष रमेशचंद मोडा, उपाध्यक्ष परमानन्द मीणा , बारां जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, बूंदी जिलाध्यक्ष चंदन पंचोली सहित सभी जिलाध्यक्ष ने मांगे माने जाने तक आंदोलन को समर्थन जारी रखने की घोषणा की।



## डॉ. सोनी ने पौधा भेंटकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** विगत 30 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व वृहत पौधारोपण तथा जल, जंगल, जीवन बचाने, जंगलों में आगजनी घटनाओं को रोकने व पानी के जलस्त्रोतों को बचाने के क्षेत्र में कार्य कर रहे वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने विश्व पर्यावरण दिवस को पौधा उपहार में देकर मनाया ।

डॉ. सोनी व मदनमोहन सेमवाल ने राजपुर स्थित प्रमुख वन संरक्षक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वनमंत्री सुबोध उनियाल व प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक को देववृक्ष तुलसी का पौधा उपहार में देकर विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी और प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए कपड़े के झोले का प्रयोग करने तथा उपहार में पौधे देने की अपील की।

## पंडित रविंद्राचार्य का बस्सी पहुंचने पर हुआ जगह जगह स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्राचार्य का बस्सी पहुंचने पर जगह - जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पंडित रविंद्राचार्य का बस्सी



स्थित राकेश भादू के शांति गार्डन पहुंचने पर माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं बीएल स्वीट्स सेंटर के बाबूलाल शर्मा ने आचार्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया। आचार्य ने इस अवसर पर शर्मा लाइब्रेरी के निदेशक विजय शर्मा की लाइब्रेरी का वास्तु परीक्षण किया। इसी कड़ी में बस्सी के आरवी कम्यूनिकेशन के निदेशक शिव शर्मा ने भी अपने मोबाइल सेंटर पर आचार्य का स्वागत किया। इस एकदिवसीय दौरे में पंडित रविंद्रचार्य का दर्जन भर स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान पंडित हरिओम शर्मा, सुनील शर्मा, राकेश भादू, बाबूलाल शर्मा, विजय शर्मा और शिव शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।




# यूईएम में युवाओं ने किया वृक्षारोपण



**जयपुर (हमारा वतन)।** उदयपुरिया मोड़ स्थित निजी विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर में कोलकाता के सॉल्ट लेक इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार व राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के सहयोग से 1 जून से 15 जून 2023 तक जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में G20 सम्मिट में भारत की अध्यक्षता व सहभागिता एवं स्वामित्व की भावना के प्रति जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता के राजस्थान सेंटर के हेड संदीप कर अग्रवाल ने बताया कि सॉल्ट लेक इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कोलकाता द्वारा यूएम कैंपस में बेरोजगार युवाओं को राजस्थान सरकार की स्कीम मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत सौर ऊर्जा से संबंधित ट्रेनिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता द्वारा युवाओं की ट्रेनिंग पूरी होने के तत्पश्चात ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता को सरकारों की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग उपलब्ध करवाकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाती है। इसी के तहत आज सौर ऊर्जा के ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे तीनों बेचों के छात्रों ने विश्वविद्यालय कैंपस में जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। युवाओं द्वारा कैंपस में लगभग 20 पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता के ट्रेनर राजीव कुमार, ट्रेनर विजय कुमार, शोभा शर्मा, महावीर सिंह, मगन सिंह व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।




# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पर्यावरण प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**रुड़की (हमारा वतन)।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय भाषण प्रतियोगिता का पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ समापन हुआ। लगातार तीसरे दिन छात्रों ने ग्रामीणों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए जन जागरूकता रैली निकाली । इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए, गांव के बाहर सड़क किनारे वृक्ष रोपे गए ।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में वृक्ष लगाकर की गई। कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने छात्रों को वृक्षों का महत्व समझाया व कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में बेहद महत्व है, वृक्षों से ही हमारी पृथ्वी सुरक्षित है । उन्होंने कहा कि हम सबको अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने का संकल्प लेना चाहिए । वृक्ष हमें ताजी हवा , फल, फूल और जड़ी-बूटियां प्रदान करते हैं । साथ ही वर्षा कराने और हमें बाढ़ आदि से बचाने का कार्य करते हैं । कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए । इस अवसर पर हारिश, खालिद, नावेद, रितिक, अक्षय, आलोक, बादल आदि छात्र मौजूद रहे ।

# राहुल शर्मा हुए बेस्ट सोशल वर्कर अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान की सांस्कृतिक व सभ्यता के सूचक गौरवशाली इतिहास व धरोहर को संरक्षित करने के उद्देश्य से हाल ही में नेशनल डायनामिक अवॉर्ड सैरेमनी के रूप में राज्य की महान् व अनुकरणीय विभुतियों के प्रोत्साहन हेतु माइण्ड ब्लॉइन्ग फ़िल्म प्रॉनोशन्स के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसके चीफ़ गेस्ट के रूप में हिन्दी सिनेमा के जाने-माने व लोकप्रिय अभिनेता सुनील शेट्टी व अभिनेत्री मलाइका अरोडा रहे । इस कार्यक्रम के आयोजक सौरभ प्रजापत ने जयपुर व राजस्थान के अन्य जिलों से महान् व अनुकरणीय व्यक्तित्वों के कार्य व प्रतिभाओं की सहारना हेतु उनके सम्मान में




यह कार्यक्रम आयोजित किया । इस भव्य व शानदार कार्यक्रम में बेटी फ़ाउण्डेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व बेटी संरक्षण के लिए सदैव सक्रिय व तत्पर व्यक्तित्व राहुल शर्मा को बेस्ट सोशल वर्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । यह सम्मान उनको प्रसिद्ध अभिनेता सुनील शेट्टी के हाथों से दिया गया । इस सम्मान को पाकर राहुल शर्मा ने कहा कि समाज की भावी पीढ़ी समाज को अपना समझें व अपनी पहचान बनाने के लिए सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश का संरक्षण करें, जिससे कि वो राष्ट्र की पारम्परिक धरोहर का नाम लोकप्रिय व प्रसिद्ध बनाने में सक्षम हो । इस सम्मान की गरिमा व उपलब्धि का श्रेय अपने मित्र सौरभ प्रजापत एवं समस्त शुभचिन्तकों की सहायक प्रवृत्ति और माता-पिता के स्नेह व आशीर्वाद को दिया ।



# श्री शिरडी साईं मंदिर में हुआ कन्या प्रसादी का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजधानी जयपुर की चौमूं तहसील में ईटावा भोपजी ग्राम स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में साई भक्तों द्वारा कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया । मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया की कन्या प्रसादी के दौरान बाबा की मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे । अपनी मन्नत पूरी होने पर साई भक्त मंदिर में कन्या प्रसादी का आयोजन करते हैं । साईनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें यही प्रार्थना है ।



# भारत सरकार के डाक विभाग ने शुरू की अनूठी योजना

**जयपुर (हमारा वतन)।** करीरी शाखा डाकघर, अमरसर में मोहन सिंह मीणा अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मंडल की अध्यक्षता में आईपीपीबी प्रीमियम पीएम किसान सम्मान निधि के खाते खोलने के लिए कैंप लगाया गया। इस अवसर पर मोहन सिंह मीणा अधीक्षक डाकघर द्वारा आमजन को 15.06.23 को प्रस्तावित पीएम किसान निधि की आगामी किश्त प्राप्त करने के संदर्भ में सभी ग्रामजनो को डाक विभाग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया । सभी ग्रामीण अपने निकटवर्ती डाकघर में खाता खुलवा सकते है और घर बैठे आगामी किश्त का भुगतान प्राप्त कर सकते हैं, यह सुविधा सभी शाखा डाकपालो को उपलब्ध कराए गए मोबाइल और हैंड हेल्ड डिवाइस के माध्यम से उनके घर पर बैठे बैठे ही प्रदान की जा सकती है। इस दौरान सुनील मीणा निरिक्षक डाकघर चौमूं उपमंडल, कालू राम जाट डाक अधिदर्शक, अन्य विभागीय कर्मचारी और लाभार्थियों के रूप में कई लोग मौजूद रहे ।

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति- 1.20 लाख हैक्टेयर कृषि क्षेत्र होगा जैविक में परिवर्तित

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा वृहद् स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 1.20 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत किसानों को जैविक बीज, जैव उर्वरक एवं कीटनाशी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस वर्ष 1.20 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित कर कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें लगभग 23.57 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी प्रकार, 50 हजार कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रति कृषक 5000 रुपए का अनुदान भी दिया जाएगा। इस राशि से कृषक खेतों की उर्वरकता बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से परियोजना प्रतिवेदन की स्वीकृति प्राप्त होने तक कृषक चयन, कृषक समूह गठन, मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण आदि गतिविधियों के लिए राज्य निधि से 5 करोड़ रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की है।





# एनसीसी क्रिकेट एकेडमी ने बहुत ही कम समय में क्षेत्र में बनाई खास पहचान

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के वार्ड नंबर 3 दूल्हा सिंह की ढाणी स्थित एनसीसी क्रिकेट एकेडमी ने बहुत ही कम समय में क्षेत्र में खास पहचान बनाई है ।

क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर एनआर गोरा लगातार क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराश कर आगे बढ़ने का मौका दे रहे हैं । सिर्फ 5 महीनों की कड़ी मेहनत के दौरान ही स्टूडेंट अंडर 14 और अंडर 16 खेल चुके हैं । एनआर गोरा बैटिंग, बोलिंग, फील्डिंग, कीपिंग और फिटनेस की कोचिंग के अलावा खेल के प्रति बच्चों को मोटिवेट भी करते रहते हैं । अकैडमी में एडमिशन लेने वाले बच्चों के लिए ड्रेस किट फ्री है और शहर से आने वाले बच्चों के लिए वाहन की सुविधा भी फ्री उपलब्ध करवाई गई है । एनआर गोरा ने कहा कि जल्दी ही एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के स्टूडेंट स्टेट लेवल पर खेलते दिखाई देंगे । जिन बच्चों को दिन में टाइम नहीं मिल पाता वो रात में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले सकते हैं ।

## रूक्मणी कुमारी ने नांगल कला महंगाई राहत शिवर में पहुंचकर जनता को दी योजनाओं की जानकारी

**जयपुर (हमारा वतन)।** आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की सदस्य रूक्मणी कुमारी ने राजस्थान सरकार द्वारा नांगल कलां में चल रहे महंगाई राहत शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। रूक्मणी कुमारी ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, 500 रू घरेलू गैस सिलेंडर योजना, पशुधन बीमा योजना ,100 यूनिट घरेलू बिजली फ्री, 2000 यूनिट कृषि बिजली फ्री योजना वृद्धावस्था पेंशन ,फ्री राशन किट योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी। योजनाओं के लाभार्थियों को गारंटी कार्ड भी भेंट किए । इस दौरान सरपंच शंकर , पंचायत समिति सदस्य गोगराज



देवंदा, उपसरपंच मूलचंद, एडवोकेट सतीश, अर्जुन ताखर, बाबूलाल मीणा, देशराज , सुलतान गुर्जर , सुरेन्द्र झाझड़ा , सुमन झाझड़ा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जॉब्स

1. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद जूनियर इंटेलिजेंस ऑफीसर ग्रेड सेकंड और एमटीएस, पद संख्या 797, अंतिम तिथि 23 जून 2023
2. झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद एक्साइज कांस्टेबल, पद संख्या 583, अंतिम तिथि 30 जून 2023
3. दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, पद जेएसए, एएसओ, पटवारी, नायब तहसीलदार व अन्य, पद संख्या 687, अंतिम तिथि 2 जुलाई 2023
4. चंडीगढ़ पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, पद संख्या 700, अंतिम तिथि 22 जून 2023
5. आईबीपीएस, पद ऑफिस असिस्टेंट, बैंकिंग ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 8611, अंतिम तिथि 21 जून 2023
6. बिहार पुलिस, पद कांस्टेबल, पद संख्या 21391, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2023
7. सशस्त्र सीमा बल, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, हेड कांस्टेबल, एएसआई, स्टेनो व अन्य, पद संख्या 1638, अंतिम तिथि 18 जून 2023
8. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पद जूनियर इंजीनियर सिविल, इलेक्ट्रिकल, पद संख्या 35, अंतिम तिथि 30 जून 2023




# टेलर स्विफ्ट संग क्वालिटी टाइम बिताते दिखे दिलजीत दोसांझ, रिलेशनशिप की खबरें हुईं तेज..........

सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ अक्सर अपने स्वैग और बेबाक अंदाज के चलते चर्चा में रहते हैं। दिलजीत को उनकी पर्सनल लाइफ पर बात करना बिलकुल भी पसंद नहीं है और इस बीच जब वो हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट को लेकर चर्चा में आए तो उन्होंने प्राइवेसी की बात कह दी। दिलजीत और टेलर स्विफ्ट एक कैफे में साथ क्वालिटी टाइम बिताते नजर आए। इस जानकारी के सामने आने के बाद दिलजीत ने भी रिएक्ट किया और फिर अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। **क्या है ट्वीट...** दरअसल सोशल मीडिया पर ब्रेकिंग न्यूज ब्रिटिश कोलम्बिया ने एक ट्वीट किया, जिस में दिलजीत और टेलर का जिक्र किया गया। इस ट्वीट में लिखा था, वेनक्यूवर के लोग हैरान रह गए, जब उन्होंने अपने दोनों पसंदीदा स्टार्स को एक साथ सोमवार रात कैक्टस क्लब कैफे कोल हार्बर में साथ देखा। कई लोगों ने इस बात की पुष्टि की है कि दिलजीत और टेलर स्विफ्ट खूब हंस रहे थे और टच टच हो रहे थे। **दिलजीत ने किया रिएक्ट..** कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर ये ट्वीट वायरल हो गया, जिसके बाद दिलजीत ने भी इस ट्वीट पर रिएक्ट करते हुए लिखा, यार प्राइवेसी नाम दी वी कोई चीज हुदी आ। बता दें कि दिलजीत ने पंजाबी में रिएक्ट किया है, जबकि हिंदी में इसका मतलब यह है कि यार प्राइवेसी नाम की भी कोई चीज होती है। सोशल मीडिया पर दिलजीत और टेलर को लेकर खूब रिएक्शन्स देखने को मिल रहे हैं। **चमकीला को लेकर चर्चा में दिलजीत दोसांझ**-बता दें कि दिलजीत दोसांझ एक दमदार सिंगर और परफॉर्मर होने के साथ ही साथ एक बेहतरीन एक्टर भी हैं। दिलजीत ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया है और ऐसे में अब वो फिल्म चमकीला में नजर आएंगे। चमकीला, पंजाब के महशूर दिवंगत सिंगर अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है।



# 400 ऑडिशंस के बाद मिली थी 'गदर' की सकीना, अमीषा नहीं ये एक्ट्रेस थी डायरेक्टर की पहली पसंद

सनी देओल और अमीषा पटेल की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर एक बार फिर सुर्खियों में है। गदर-2 की रिलीज से पहले दर्शकों की यादें ताजा करने के मकसद से साल 2001 में आई गदर एक प्रेम कथा को एक बार फिर थिएटर्स में रिलीज किया गया है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट तो रही ही थी, साथ ही इसने सनी देओल और अमीषा पटेल को देशभर में प्यार भी दिलाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अमीषा पटेल इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थीं? जानिए पूरा किस्सा...



**400 ऑडिशंस के तय हुआ था नाम**-गदर एक प्रेम कथा में मुख्य महिला किरदार यानी तारा सिंह (सनी देओल) की पत्नी सकीना के लिए करीब 400 लोगों के ऑडिशंस लिए गए थे। मेकर्स को नए चेहरे की तलाश थी। इसलिए डायरेक्टर अनिल शर्मा ने ऑडिशन की शुरुआत की और आखिर में ये रोल अमिषा पटेल को मिला। फिल्म में सकीना के रोल ने अमीषा के फिल्मी करियर में एक नया मुकाम जोड़ा। **ये थीं पहली पसंद**-रिपोर्ट्स की मानें तो गदर एक प्रेम कथा में सकीना के रोल के लिए पहली पसंद अमीषा पटेल नहीं बल्कि काजोल थीं। हालांकि, अन्य प्रोजेक्ट्स में व्यस्त होने के कारण काजोल इस रोल को नहीं कर सकीं। कई रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया था कि एक्ट्रेस नीलम को भी ये रोल ऑफर किया गया था। हालांकि, डायरेक्टर अनिल शर्मा ने ये साफ कर दिया था कि गदर के लिए उन्होंने उस समय कई बड़ी एक्ट्रेसेस से संपर्क किया था।

# जाह्नवी कपूर ने डिफरेंट लुक्स और मूड्स में शेयर कीं फोटोज, फैंस बोले- सो हॉट

## जाह्नवी कपूर येलो कलर की हॉल्टर नेक कटआउट वाली बॉडीकॉन आउटफिट में बेहद हॉट लग रहीं...

बॉलीवुड की मोस्ट हॉट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अलग-अलग लुक्स और मूड्स में नजर आ रहीं हैं,। शुरू की दो तस्वीरों में जाह्नवी कपूर येलो कलर की हॉल्टर नेक कटआउट वाली बॉडीकॉन आउटफिट में बेहद हॉट लग रहीं हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में जाह्नवी कपूर बालकनी में खड़े होकर एक से बढ़कर एक किलर पोज देती नजर आ रहीं हैं। इस तस्वीर में जाह्नवी कपूर बेड पर अपने डॉगी के साथ फुर्सत के पलों को एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। ब्लू कलर के डीप नेक गाउन में जाह्नवी कपूर का ये किलर लुक देख फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। खूबसूरत गाउन में बैक पोज देते हुए जाह्नवी कपूर की एक तस्वीर। इस तस्वीर में जाह्नवी कपूर हैवी नेकलेस और मांग टीका में बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं।



**झील किनारे खोई-खोई नजर आई जाह्नवी कपूर, चेहरे की सादगी पर मर मिटे फैंस**-जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर अपने हॉट एंड स्टनिंग लुक से इंटरनेट पर सुर्खियां बटोरना शुरू कर दिया है। इन लेटेस्ट तस्वीरों में जाह्नवी कपूर का बिंदास लुक फैंस को खूब भा रहा है,इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर ब्लैक रिब्ड आउटफिट में अपने हुस्न का जादू फैंस पर चलाती नजर आ रहीं हैं।



# गर्मी में आपकी खूबसूरती नहीं बिगड़ने देंगे ये नुस्खे

तेज गर्मी के कारण चेहरा काला पड़ना, हाथ-पैर व आंखों में जलन होना स्वाभाविक है। त्वचा हमारे शरीर का सबसे बड़ा हिस्सा है, जो तमाम तरह के बाहरी खतरों और सूरज की तेज रोशनी से हमारी रक्षा करती है। लेकिन, तेज गर्मी की वजह से त्वचा अपना असर खोने लगती है और धूप अधिक होने के कारण खुद त्वचा को ही नुकसान होने लगता है। गर्मी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए खानपान में जरूरी बदलावों के साथ स्किन केयर रुटीन में भी बदलाव लाना जरूरी है। अगर आप मौसम के अनुरूप ये बदलाव ला पाती हैं तो गर्मी में भी आपको अपनी त्वचा की चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गर्मी के मौसम में होने वाली आम परेशानियों का कैसे करें निपटारा, आइए जानें

**हाथ-पैर में जलन होना**-गर्मी के मौसम में हाथ-पैर में जलन की समस्या होना आम है। इस जलन को दूर करने के लिए करेले के टुकड़ों से अपनी हथेलियों और तलवों की मालिश करें। ऐसा करने से जलन दूर होगी और ठंडक महसूस होगा।

**आंखों की जलन**-आंखों की जलन को दूर करने के लिए फ्रिज में चाय की थैलियां रखें और उन्हें ठंडा होने के बाद आंखों पर रखें। ऐसा करने से आपकी आंखों को ठंडक और आराम मिलेगा। रुई को गुलाब जल में भिगोकर आंखों पर रखने से भी आराम मिलता है। गोल आकार में कटे हुए खीरे को आंखों पर रखने से सुकून मिलता है।

**त्वचा रहेगी तरोताजा**-प्रतिदिन अपने चेहरे एवं गर्दन पर फ्रिज में रखे हुए गुलाब जल के पानी से स्प्रे करें। यदि आप कामकाजी हैं तो अपने ऑफिस में गुलाब जल की एक बोलत रखें और नियमित रूप से इस्तेमाल करें। ऐसा करने से गर्मी के मौसम में भी आपके चेहरे की चमक बरकरार रहेगी। यदि आप तरबूज खाने के बाद उसके छिलके को फेंक देती हैं तो ऐसा ना करें। तरबूज के छिलके को फ्रिज में रखें और जब वह ठंडा हो जाए तो उसे अपनी त्वचा पर रगड़ें। ऐसा करने से त्वचा को तो ठंडक मिलेगी ही, साथ ही साथ वह नर्म व नमी से भरपूर रहेगी।

**खुले रोमछिद्र नहीं करेंगे परेशान** - गर्मी के दिनों में खुले हुए रोमछिद्र एक बड़ी समस्या बन जाती है। अपनी खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए इस समस्या का निदान तलाशना जरूरी हो जाता है। ओपन पोर्स से छुटकारा पाने के लिए ठंडे टमाटर के टुकड़ों को अपनी त्वचा पर 10 मिनट रखें। इसके बाद धीरे-धीरे टमाटर के टुकड़ों को अपनी चेहरे पर रगड़ें। ऐसा करने से खुले रोमछिद्र जल्द ही सिकुड़ने लगेंगे।

**सिर की त्वचा की समस्याएं**-अत्यधिक गर्मी का असर हमारे बालों के साथ सिर की त्वचा पर भी पड़ता है। गर्मी के मौसम में सिर में बहुत यादा दाने हो जाते हैं, जिसकी वजह से सिर में खुजली की समस्या बढ़ जाती है। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए एक लीटर पानी में नीम की कुछ पत्तियां डालकर उबालें। पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें। शैंपू करने के बाद नीम वाले पानी से ही बाल धोएं। जिन लोगों के बाल रूखे है वो मुल्तानी मिट्टी में ठंडे दूध को मिलाएं और इस हेयर पैक को 15 मिनट के लिए बालों में लगाकर रखें और ठंडे पानी से बाल धो लें। जिनके बाल तैलीय हैं वे अपने बालों एवं सिर की त्वचा में मुल्तानी मिट्टी एवं दही मिलाकर लगाएं।

**शरीर की गंध की समस्या** गर्मी के दिनों में शरीर में पसीने की समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए सूती कपड़े पहनना शुरू करें और सिंथेटिक कपड़ों से बचें। लिनन के कपड़े भी आपको इस समस्या से राहत देंगे।

# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय जानें

कहते हैं चांद में भी दाग होता है... महिलाओं के लिए भी चेहरे पर ब्लैकहेड्स, दाग-धब्बे और मुहांसे होना दाग के बराबर ही है। रोमछिद्रों में गंदगी, धूल या तेल इकट्ठा होने की वजह से ब्लैकहेड्स होते हैं। जहां दाग-धब्बे और मुहांसे कुछ दिनों के बाद गायब हो जाते हैं, वहीं ब्लैकहेड्स ऐसी मुसीबत है जो हर 15-20 दिन बाद दोबारा वापस आ जाती है। अगर समय पर ब्लैकहेड्स नहीं हटाए गए तो ये मुंहासों का रूप ले लेते हैं। ब्लैकहेड्स दो प्रकार के होते हैं- व्हाइट और ब्लैक। महिलाएं कभी पार्लर में जाकर ब्लैकहेड्स निकलवाती हैं, तो कभी घर में ही खुद से स्क्रब कर ब्लैकहेड्स हटाती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि किचन में रखी चीजों से भी ब्लैकहेड्स हटाए जा सकते हैं। हर बार 15 दिन में पार्लर के चक्कर काटने से बेहतर हैं आप घरेलू नुस्खे आजमाएं। बता दें, ब्लैकहेड्स हटाने के लिए बार-बार स्क्रब करने से स्किन ड्राई हो जाती है। इसलिए बेहतर है आप घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर ब्लैकहेड्स को बाय-बाय कहें।



**दालचीनी पाउडर**- दालचीनी पाउडर ना सिर्फ ब्लैकहेड्स का सफाया करता है बल्कि इन्हें चेहरे पर दोबारा आने से भी रोकता है। एक चम्मच दालचीनी पाउडर में एक चम्मच नींबू का रस और एक चुटकी हल्दी मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और फिर पानी से चेहरा धो लें।

**अंडे की सफेदी**- एक कच्चा अंडा लें और उसका सफेद भाग अलग निकाल लें। अंडे की सफेदी को चेहरे पर लगाएं और 20-25 मिनट बाद चेहरा पानी से धो लें। अंडे की सफेदी ब्लैकहेड्स हटाने के साथ चेहरे की रंगत भी निखारेगी।

**बेकिंग सोडा**- एक चम्मच बेकिंग सोडा को 2 चम्मच पानी में मिक्स कर लें। पेस्ट को 15-20 मिनट तक ब्लैकहेड्स पर लगाएं। फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**टूथपेस्ट**- थोड़ा-सा टूथपेस्ट ब्लैकहेड्स पर लगाकर 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए चेहरा पीनी से धो लें।

**टमाटर**- टमाटर ब्लैकहेड्स की समस्या से छुटकारा दिलाता है। एक टमाटर लें और उसे मैश कर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को रात को सोने से पहले ब्लैकहेड्स पर लगाएं और सुबह उठकर चेहरे को पानी से धो लें।

**ग्रीन टी**- ग्रीन टी स्किन पर लगाने से गंदगी साफ होती है। ग्रीन टी की पत्तियों को थोड़े से पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें। पेस्ट को 15-20 मिनट के लिए चेहरे पर लगा लें। फिर हल्के गुनगुने पानी से मुंह धो लें।

## इन दो राशियों के लिए घर में नीम का पेड़ लगाना शुभ, शनि और राहु नहीं करते परेशान

घर में मनी प्लांट, तुलसी के पौधे सभी लगाते हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि घर में नीम का पेड़ लगाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि नीम का पेड़ लगाने से कई ग्रहों से राहत मिलती है। घर में मनी प्लांट, तुलसी के पौधे सभी लगाते हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि घर में नीम का पेड़ लगाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि नीम का पेड़ लगाने से कई ग्रहों से राहत मिलती है। इसके अलावा नीम के पेड़ से राहु दोष भी कम होते हैं। यही नहीं इसकी लकड़ी से शनिदेव भी प्रसन्न होते हैं। घर में अगर नीम का पेड़ होते तो राहु-केतु के खराब दोषों से राहत मिलती है। नीम का पेड़ जहां औषधि युक्त माना गया है, वहीं इसकी लकड़ी शनि के कई दोषों को दूर करती है। कहते हैं कि शनि के अशुभप्रभावों को कम करने के लिए गले में नीम की लकड़ी की छोटी से माला पहननी चाहिए।अगर आपकी राशि कुंभ है या फिर आप उत्तर भादपद नक्षत्र में पैदा हुए हैं, तो नीम का पेड़ घर में जरूर लगाएं, ये आपको लाभ देता है और आपके आर्थिक पक्ष को मजबूत करता है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# तंबाकू,शराब और नमक का ज्यादा सेवन छीन रहा जिंदगी

बीसवीं सदी के दौरान तंबाकू सेवन के चलते करीब 10 करोड़ लोगों ने जान गंवाई, जिनमें से अधिकतर आज के अमीर देशों के निवासी थे। लेकिन यह तस्वीर बदल रही है। स्मोकिंग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे असर का बोझ अब अमीर देशों से हटकर कम और मध्य आय वाले देशों की ओर जा रहा है। कुछ अनुमान तो यहां तक कहते हैं कि 21वीं सदी में तंबाकू सेवन से सौ करोड़ लोगों की मौत हो सकती है।तंबाकू, शराब और नमक से जुड़ी बीमारियां अभी तक अमीर देशों में ही मुद्दा बनती रही हैं। गरीब देशों का ज्यादा जोर संक्रामक बीमारियों को मिटाने पर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे लोगों का जीवन लंबा हुआ, दूसरे रोगों का प्रकोप बढ़ने लगा। अब दुनिया भर में इन बीमारियों से ज्यादा मौतें हो रही हैं, जबकि इन्हें नियंत्रित करने पर खर्च काफी कम हो रहा है। भारत में हर साल 60 लाख से ज्यादा लोग क्रोनिक रोगों से मरते हैं। गरीब देशों में मलेरिया, टीबी और एचआईवी/एड्स जैसी बीमारियों से लड़ाई जारी रहनी चाहिए, लेकिन तंबाकू, शराब और नमक के सेवन से उपजी क्रोनिक बीमारियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। हमने कथित सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के तहत किए गए तमाम वायदों के तहत क्रोनिक बीमारियों को निपटाने का वादा भी 2030 तक पूरा करने का निश्चय कर रखा है। अफसोस, हम उसे पूरा नहीं कर पाएंगे। मौजूदा रफ्तार से दुनिया उन लक्ष्यों तक आधी सदी देर से पहुंचेगी। कारण साफ हैः राजनेताओं ने इनमें 169 असंभव वायदे शामिल कर लिए हैं। 169 प्राथमिकताओं का सीधा मतलब है- कोई प्राथमिकता नहीं।एक नई स्टडी बताती है कि क्रोनिक बीमारियों पर काबू पाने के लिए रेग्युलेटरी पॉलिसी अपेक्षाकृत कम निवेश में ही जबर्दस्त सामाजिक फायदे सुनिश्चित कर सकती है। यह एक ऐसी बात है, जिसका सिद्धांत रूप में सभी देश समर्थन करेंगे।स्मोकिंग से होने वाली मौतों की संख्या कम करने के दो बेहद कारगर तरीके हैं।


राम गोपाल सैनी

प्रतिष्ठित पुरस्कारों से लकदक हुआ राजस्थान आवासन मंडल

# राजस्थान आवासन मंडल की झोली में आए 4 और प्रतिष्ठित अवार्ड

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के लिए ऐतिहासिक रहा जब बोर्ड की झोली में 4 राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड आए। शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई आईबीसी (इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस) ने मंडल के 4 प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए सम्मानित किया। दिल्ली के एपी शिंदे सिंपोजियम में आयोजित भव्य समारोह में सीपीडब्ल्यूडी के पूर्व निदेशक शैलेंद्र शर्मा, हुडको के पूर्व निदेशक वी सुरेश, आईबीसी के चेयरमैन विजय सिंह वर्मा और लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया उपस्थित रहे। मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, उप आवासन आयुक्त (मुख्यालय) विजय अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त (सिटी पार्क) केके दीक्षित, उप आवासन आयुक्त एच आर दुपका, आवासीय अभियंता जीपी अग्रवाल और रोहित सिंह ने हजारों लोगों की उपस्थिति में विभिन्न सम्मान ग्रहण किए। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं बल्कि पूरी टीम का होता है। विगत 4 वर्ष पूर्व आमजन का विश्वास आवासन मंडल से पूरी तरह उठ गया था, मंडल लगातार घाटे में जा रहा था लेकिन मंडल के अधिकारियों और कार्मिकों की ऊर्जा ने नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिखाया। उन्होंने कहा कि मंडल की झोली में निरंतर पुरस्कारों का डलना मंडल की आमजन के प्रति प्रतिबद्धता व मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुरस्कारों का यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा।



**टीम भावना और प्रोत्साहन के लिए भेजे अधिकारी**

मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने टीम भावना और अधिकारियों के प्रोत्साहन के चलते स्वयं ना जाकर पुरस्कार ग्रहण करने के लिए इंजीनियर्स को दिल्ली भेजा।

इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के लिए आयुक्त ने मंडल के अन्य अधिकारियों को भेज कर उनका उत्साह बढ़ाया।

राष्ट्रीय स्तर पर सराहे गए मंडल के चारों प्रोजेक्ट्स रहे चर्चा का विषय दिल्ली के भव्य समारोह में सराहे गए सिटीपार्क, कोचिंग हब, चौपाटी और शिक्षक प्रहरी आवास योजना इससे पूर्व भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी चर्चित रह चुके हैं। टिकट लगने के बावजूद भी सिटी पार्क में प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्थानीय और विदेशी पर्यटक इसकी खूबसूरती का दीदार करने आते हैं। प्रताप नगर और मानसरोवर में स्थापित चौपाटी के लजीज क्यूज़ीन और व्यंजनों के तो शहरवासी दीवाने हैं। चौपाटियों के शुरुआती 5 महीनों में अधिकतम फुटफाल के लिए तो दो अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुके हैं। चौपाटियों पर चलने वाला लाइव बैंड के आगंतुक खासे मुरीद हैं।



# महिला सशक्तिकरण के लिए संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** श्री बिरदीचंद फाउंडेशन के तत्वाधान में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के पास थाना मोड़ चौमूं स्थित राधे कृष्णा आई.टी एन्ड मैनेजमेंट कॉलेज में महिला सशक्तिकरण की संगोष्ठी का आयोजन हुआ । महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए कढ़ाई, बुनाई ,सिलाई, कंप्यूटर जैसी स्किल बताई गए। इसमें 70 से ज्यादा महिलाओ के रजिस्ट्रेशन हुए । संस्था के डायरेक्टर कौशल कुमार योगी ने रोजगार के अवसर के कैसे सृजित करे। आत्मनिर्भर कैसे बने, ये सभी महिलाओं को रोजगार के संसाधन कैसे प्राप्त करे की जानकारी दी । इस दौरान कैलाश जांगिड़, बनवारी लाल योगी प्रचार मंत्री राजस्थान नाथ समाज, दीपक कुमावत, रजनीश प्रजापत, दिनेश सैनी, मोना जांगिड़, ओपी सेठी सहित आदि लोग उपस्तिथ रहे ।

बयाना-रूपवास के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# जनता से जो वादे किए, वो निभाएःसीएम

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत साढ़े चार वर्षों में प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं रखी है। हमने जनता से जो वादे किए, वो निभाए हैं और जनता ने जो भी मांगा वो पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जनता जो भी सुझाव देगी, उन पर राज्य सरकार द्वारा गंभीरता के साथ विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री से बयाना-रूपवास से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और महंगाई राहत कैंपों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री गहलोत ने कहा कि बयाना-रूपवास क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के कई कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत 25 लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। राज्य में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लागू किया गया है, जो एक क्रांतिकारी कदम है। राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टि से 19 नए जिले बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने गुर्जर आंदोलन का शांतिपूर्वक समाधान किया। एमबीसी वर्ग को 5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जिसकी वजह से बड़ी संख्या में इस वर्ग के युवा नौकरी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत 30 हजार विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग करवाई जा रही है। राज्य में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले गए हैं, जिनमें 3 लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त कर राजस्थान के बच्चे आगामी समय में देश में नम्बर वन बनेंगे।






## (कविता) पर्यावरण

पर्यावरण है प्रकृति का आख़र
सूरज , चंदा, धरती और बादर
प्रकृति का अद्भुत चहुँदिशि घेरा
चंदा डूबा फिर हुआ सवेरा
कौन इन सबसे अनजाना होगा
पर्यावरण को सदा बचाना होगा
अंबर नीला, पीले खेत
कल - कल नदियाँ सुफ़ेद रेत
समंदर गहरा, ऊँचा पहाड़
लपटी लता और पेड़ -ए -ताड़
कौन इन सबसे अनजाना होगा
पर्यावरण को सदा बचाना होगा

जंगल -झाड़ी, सुंदर बयार
पतझड़ोपरांत बसंती बहार
बरसती बूँदे औ हल्के झोंके
मदमस्त पवन को थोड़ा रोके
कौन इन सबसे अनजाना होगा
पर्यावरण को सदा बचाना होगा

ताल -तलैया, नीम की छैयां
वन में मोर की ता - ता थईयां
प्रकृति का अनमोल उदाहरण
गाँव का घर और पर्यावरण
कौन इन सबसे अनजाना होगा
पर्यावरण को सदा बचाना होगा

कोयल की कुकू, गौरैया की चीं -चीं
प्रकृति ने दायरे की है रेखा खींची
गोधूलि बेला, रात और शाम
प्रकृति प्रदत्त का हर एक नाम
कौन इन सबसे अनजाना होगा
पर्यावरण को सदा बचाना होगा

**-सिद्धार्थ गोरखपुरी**



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा